International Year of Cooperatives 2025
Cooperatives Build a Better World

रेल विकास निगम लिमिटेड
Rail Vikas Nigam Limited
गुणवत्ता, गति एवं पारदर्शिता
(A Government of India Enterprise)
CIN : L74999DL2003GOI118633

**RVNL/SECY/STEX/2026-27** **15.07.2026**

| | |
|---|---|
| **National Stock Exchange of India Ltd.**<br>Exchange Plaza,<br>Plot no. C/1, G Block,<br>Bandra-Kurla Complex,<br>Bandra (E), Mumbai - 400051<br>Scrip: **RVNL** | **BSE Ltd.**<br>Department of Corporate Service,<br>PhirozeJeejeebhoy Towers,<br>Dalal Street,<br>Mumbai- 400001<br>Scrip: **542649** |
| **नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड**<br>एक्सचेंज प्लाज़ा,<br>प्लॉट नं. सी/1, जी ब्लॉक,<br>बांद्रा-कुर्ला कॉम्प्लेक्स,<br>बांद्रा (पूर्व), मुंबई- 400051<br>स्क्रिप: **RVNL** | **बीएसई लिमिटेड**<br>कॉर्पोरेट सेवा विभाग<br>फ़िरोज़ जीजीभॉय टावर्स,<br>दलाल स्ट्रीट,<br>मुंबई- 400001<br>स्क्रिप: **542649** |

**Sub: Newspaper Publication for Transfer of Unpaid Dividend/Equity Shares of the Company to IEPF Authority**

**विषय: कंपनी के अवैतनिक लाभांश/इक्विटी शेयरों को आईईपीएफ प्राधिकरण को हस्तांतरण हेतु समाचार पत्र प्रकाशन**

Dear Sir/Madam,
प्रिय महोदय/महोदया,

In compliance with provisions of Regulation 30 of SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015, please find enclosed the copies of advertisement as published in newspapers (English & Hindi) on 15th July, 2026 regarding notice to shareholders for transfer of dividend and shares to Investor Education and Protection Fund (IEPF).

कृपया उपरोक्त जानकारी को रिकॉर्ड पर लें।

धन्यवाद,

**भवदीया,**
**रेल विकास निगम लिमिटेड की ओर से**

KALPANA DUBEY
Digitally signed by KALPANA DUBEY
Date: 2026.07.15 14:58:00 +05'30'

**(कल्पना दूबे)**
**कंपनी सचिव एवं अनुपालन अधिकारी**

**Regd. Office: World Trade Center, Tower A, 6th to 9th Floor, Nauroji Nagar, New Delhi- 110029**
**Phone: +91-11-26738299, Fax: +91-11-26182957, E-mail: info@rvnl.org, Web: www.rvnl.org**

# भारत-ब्रिटेन एफटीए से छोटे उद्यमियों में बड़े लाभ की उम्मीद जगी

**शुभारंभ**


**नई दिल्ली, विशेष संवाददाता।** बुधवार से शुरू हो रहे यूके के साथ भारत के एफटीए का सबसे बड़ा लाभ भारतीय निर्यातकों और छोटे उद्यमियों को मिलने की उम्मीद है। विशेष रूप से रेडीमेड गारमेंट्स, टेक्सटाइल और होम फर्निशिंग, चमड़ा और फुटवियर, रत्न एवं आभूषण, इंजीनियरिंग सामान, ऑटो पार्ट्स, कृषि एवं खाद्य उत्पाद तैयार करने वाली कंपनियों और उनसे जुड़े निर्यातकों को मिलेगा।

इसके साथ ही, समुद्री उत्पाद, खिलौने, रसायन और प्लास्टिक उत्पाद से जुड़े कारोबारियों को भी फायदा होगा। ऐसे में कुछ राज्यों और उनसे जुड़े शहरों को समझौते का सबसे अधिक फायदा मिलने की संभावना है।

**यूपी के शहरों को सबसे अधिक लाभ होगा:** आगरा का चमड़ा और फुटवियर उद्योग एफटीए का बड़ा लाभार्थी होगा। यूके में भारतीय जूते, बैग और चमड़े के अन्य उत्पादों की मांग बढ़ने की संभावना है। अगले तीन वर्षों मे निर्यात के बढ़कर 1000 करोड़ से अधिक होने की संभावना है।

वहीं, कानपुर में बनने वाले जूते, सैडल, बेल्ट और अन्य चमड़े के उत्पादों का निर्यात तेजी से बढ़ने की संभावना है। कानपुर के लेदर निर्यात में करीब आठ सौ से एक हजार करोड़ रुपये की सालाना बढ़ोतरी होने का अनुमान है, जिसमें बड़ी हिस्सेदारी यूके की होगी।

### व्यापार और विकास का अनुमान




इस करार का लक्ष्य वर्ष 2030 तक भारत–ब्रिटेन द्विपक्षीय व्यापार को दोगुना करना है, जिससे वस्तुओं और सेवाओं का संयुक्त व्यापार लगभग 112 बिलियन अमेरिकी डॉलर तक पहुंचने की संभावना है। इससे वर्ष 2040 तक भारत को ब्रिटेन के निर्यात में 60% की वृद्धि होने का अनुमान है।

### नोएडा को निवेश के तौर पर बड़ा फायदा

नोएडा इलेक्ट्रॉनिक्स, मोबाइल निर्माण, रेडीमेड गारमेंट्स और आईटी सेवाओं का बड़ा केंद्र है। एफटीए से यहां की निर्यात इकाइयों को नया बाजार मिलेगा। काफी कंपनियों ने स्थानीय कंपनियों के साथ मिलकर निवेश करने की योजना पर काम शुरू कर दिया है। पांच बड़ी कंपनियां निवेश से जुड़े मुद्दों पर चर्चा कर रही है। नोएडा और ग्रेटर नोएडा में अगले कुछ वर्षों के अंदर 10 हजार करोड़ के निवेश की संभावना है।

### भारत और ब्रिटेन के बीच कुल व्यापार

**25.12** अरब अमेरिकी डॉलर 2025-26 में

**7.6** प्रतिशत घटा भारत का ब्रिटेन को निर्यात

**36.11** प्रतिशत बढ़ा ब्रिटेन से भारत का आयात

### भारत-ब्रिटेन कार्बन कर नियम पर बातचीत कर रहे

वाणिज्य सचिव राजेश अग्रवाल ने मंगलवार को कहा कि भारत और ब्रिटेन कार्बन कर नियम पर बातचीत कर रहे हैं। ब्रिटेन सरकार ने दिसंबर, 2023 में घोषणा की थी कि वह 2027 से अपनी कार्बन सीमा समायोजन प्रणाली (सीबीएएम) लागू करेगी। आर्थिक शोध संस्थान ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनिशिएटिव (जीटीआरआई) के अनुसार, 2027 से लोहा और स्टील, एल्युमीनियम, उर्वरक और सीमेंट जैसे उत्पादों पर कार्बन कर लगाने के ब्रिटेन के फैसले से भारत के 77 .5 करोड़ डॉलर के निर्यात पर असर पड़ सकता है। अग्रवाल ने कहा, सीबीएएम एक ऐसा नियम है जिस पर अभी काम चल रहा है। यह अभी पूरी तरह लागू नहीं हुआ है।

### गुरुग्राम के ऑटोमोबाइल क्षेत्र को मिलेगी गति

गुरुग्राम में ऑटोमोबाइल, आईटी, बिजनेस सर्विसेज, स्टार्टअप और ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर (जीसीसी) बड़ी संख्या में हैं। सेवाओं के व्यापार और निवेश बढ़ने से यहां की कंपनियों को फायदा मिलेगा। साथ ही ब्रिटिश कंपनियों के नए निवेश की भी संभावना है। इससे गुरुग्राम में आईटी और ऑटोमोबाइल में निवेश की बड़ी संभावना दिखाई देती है।

## बाजार 30s

### शेयर बाजार

**सेंसेक्स** 77,054 -561.46

टॉप गेनर

| कंपनी | बंद भाव | बदलाव% |
|---|---|---|
| भारती एयरटेल | 1932 .95 | 1.65 |
| टीसीएस | 2200 .95 | 0.89 |

टॉप लूजर

| कंपनी | बंद भाव | बदलाव% |
|---|---|---|
| एचसीएल टेक | 1167 .00 | –4 .42 |
| इंडिगो | 5110 .20 | –2 .30 |

**निफ्टी** 24,052 -158.95

टॉप गेनर

| कंपनी | बंद भाव | बदलाव% |
|---|---|---|
| भारती एयरटेल | 1,934 .00 | 1.69 |
| अपोलो हॉस्पि. | 8,910 .00 | 1.45 |

टॉप लूजर

| कंपनी | बंद भाव | बदलाव% |
|---|---|---|
| एचसीएल टेक | 1,164 .60 | –4 .63 |
| श्रीराम फाई. | 1,012 .10 | –3 .43 |

### कमोडिटी

| | भाव | बदलाव |
|---|---|---|
| सोना | 1,46,300 | –700 |
| चांदी | 2,26,100 | – 8,900 |

### करेंसी

डॉलर/रुपया

96.16 -0.48

## जुबिलेंट फूडवर्क्स को जीएसटी नोटिस

**नई दिल्ली।** जुबिलेंट फूडवर्क्स लिमिटेड को जीएसटी विभाग से 46 .90 करोड़ रुपये की कर मांग का कारण बताओ नोटिस मिला है। जेएफएल ने कहा कि वह जीएसटी विभाग के इस नोटिस को चुनौती देगी। कंपनी के अनुसार, कारण बताओ नोटिस में आरोप लगाया गया है कि रिटर्न दाखिल करते समय गलत तालिका में इनपुट टैक्स क्रेडिट (आईटीसी) को रिवर्स किया गया है।

## सौराष्ट्र सीमेंट में खुली पेशकश लाने से छूट



**नई दिल्ली।** सेबी ने मंगलवार को अभिनेत्री जूही चावला और उद्योगपति जय मेहता से जुड़े मेहता फैमिली ट्रस्ट को सौराष्ट्र सीमेंट में प्रस्तावित अप्रत्यक्ष हिस्सेदारी के अधिग्रहण के लिए खुली पेशकश की बाध्यता से छूट दे दी। प्रस्तावित लेनदेन के तहत जय महेंद्र मेहता अपनी कंपनी गैलेक्सी टेक्नोलॉजीज प्राइवेट लिमिटेड में 49 .99% हिस्सेदारी फैमिली ट्रस्ट को हस्तांतरित करेंगे। वहीं, जूही ओम्ना एंटरप्राइजेज एलएलपी में अपनी 50 .04% हिस्सेदारी इस ट्रस्ट को सौंपेंगी।

## एंथ्रोपिक के 'क्लॉड' का रुपये आधारित मूल्य तय

**नई दिल्ली।** वैश्विक एआई कंपनी एंथ्रोपिक ने भारत में अपने एआई सहायक 'क्लॉड' के लिए रुपये में कीमतें तय करने की घोषणा की है, जिससे देश के उपयोगकर्ताओं के लिए भुगतान प्रक्रिया आसान हो जाएगी। एंथ्रोपिक के अधिक उपयोग, क्लॉड कोड और कोवर्क तक पहुंच वाले प्लान 'क्लॉड प्रो' की कीमत 2,000 रुपये प्रति माह रखी गई है।

### तमाम अर्थशास्त्रियों के अनुमानों से ज्यादा रही मुद्रास्फीति दर

# खाद्य पदार्थों और कच्चे तेल से बढ़ी थोक महंगाई

**झटका**

**नई दिल्ली, एजेंसी।** देश में आम जनता और कारोबारियों पर महंगाई का बोझ और बढ़ गया है। जून के महीने में भारत की थोक महंगाई दर बढ़कर 9.87 प्रतिशत पर पहुंच गई है। मई में यह महंगाई दर 9.68 प्रतिशत थी।

जून में महंगाई 44 महीने में सबसे ज्यादा है। सितंबर 2022 में ये 10.70% पर पहुंच गई थी। इस बढ़ोतरी का सबसे बड़ा कारण खाने-पीने की चीजों, कच्चे तेल और ईंधन की कीमतों में आया भारी उछाल है। सभी आंकड़े सरकार द्वारा हाल ही में शुरू की गई नई 2022-23 आधार वर्ष की सीरीज पर आधारित हैं, जिसने पुराने 2011-12 के आधार वर्ष की जगह ली है।

थोक मुद्रास्फीति में यह तेजी पश्चिम एशिया संकट, होर्मुज जलडमरूमध्य की प्रभावी नाकेबंदी और खाद्य वस्तुओं की कीमतों पर उसके असर को दर्शाती है। भारत अपने अधिकतर कच्चे तेल का आयात इसी जलडमरूमध्य के जरिये करता है। थोक मुद्रास्फीति के जून 2026 के आंकड़े पर पेट्रोलियम उत्पादों, खाद्य वस्तुओं, विनिर्मित मूल धातु तथा विनिर्मित रसायन एवं रासायनिक उत्पादों की कीमतों का असर दिखा।

देश में थोक महंगाई को लेकर अर्थशास्त्रियों के अनुमानों से थोक महंगाई दर ज्यादा रही।



**थोक महंगाई की चाल**

| माह | महंगाई |
|---|---|
| जनवरी | 1.81 |
| फरवरी | 2.13 |
| मार्च | 3.88 |
| अप्रैल | 8.26 |
| मई | 9.68 |
| जून | 9.87 |

■ महंगाई प्रतिशत में

**46.48** प्रतिशत पर पहुंची खनिज तेल की महंगाई दर

**34.75** प्रतिशत की तेजी कच्चे तेल और प्राकृतिक गैस में

**आम आदमी पर असर**

अगर थोक मूल्य बहुत ज्यादा समय तक ऊंचे स्तर पर रहता है तो कंपनियां इसका बोझ उपभोक्ता पर डाल देती हैं। सरकार केवल टैक्स के जरिए थोक महंगाई को नियंत्रित कर सकती है।

**रिजर्व बैंक-आम आदमी की जेब पर भी असर**

जून में खुदरा महंगाई दर भी 17 महीने के उच्चतम स्तर 4 .38 प्रतिशत पर पहुंच गई है। आरबीआई ने चालू वित्त वर्ष के लिए अपने महंगाई अनुमान को 4 .6 प्रतिशत से बढ़ाकर 5 .1 प्रतिशत कर दिया है। आने वाले समय में ब्याज दरों में कटौती की संभावना कम है और उपभोक्ताओं की जेब पर बोझ बढ़ सकता है।

## कच्चे तेल में तेजी से सहमा शेयर बाजार

**मुंबई, एजेंसी।** कच्चे तेल के दाम में तेजी के बीच स्थानीय शेयर बाजार में मंगलवार को गिरावट आई और दोनों मानक सूचकांक नुकसान में रहे। बीएसई सेंसेक्स 561 अंक टूट गया जबकि एनएसई निफ्टी में 159 अंक की गिरावट आई।

विश्लेषकों के मुताबिक, पश्चिम एशिया में फिर से तनाव बढ़ने से कच्चे तेल के दाम में तेजी आई है और निवेशकों की धारणा प्रभावित हुई। विदेशी पूंजी की निकासी और रुपये के 96 के स्तर से नीचे आने का भी बाजार पर प्रतिकूल असर पड़ा।

## चांदी 8,900 रुपये लुढ़की, सोना टूटा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** राष्ट्रीय राजधानी में मंगलवार को सोने की कीमत 700 रुपये गिरकर 1.46 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम रह गई, जबकि कमजोर मांग के कारण घरेलू सर्राफा बाजार में चांदी 8,900 रुपये प्रति किलो टूट गई।

अखिल भारतीय सर्राफा संघ ने कहा सोने के मुकाबले चांदी में और भी तेज गिरावट दर्ज की गई। इसकी कीमत 8,900 रुपये लुढ़ककर 2,26,100 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी कर सहित) रह गई।

# प्रत्यक्ष कर संग्रह में 16% की मजबूत बढ़ोतरी दर्ज

**नई दिल्ली, विशेष संवाददाता।** देश में आर्थिक गतिविधियों के मोर्चों पर अच्छे संकेत दिखाई देते हैं। चालू वित्त वर्ष 2026-27 में प्रत्यक्ष कर संग्रह में मजबूत बढ़ोतरी दर्ज की गई है।

13 जुलाई 2026 तक शुद्ध प्रत्यक्ष कर संग्रह 16.40 फीसदी की बढ़ोतरी दर्ज की गई है, जिसके बाद कुल संग्रह बढ़कर 6.51 लाख करोड़ रुपये से अधिक रहा है, जो बीते वर्ष समान अवधि में 5.59 लाख करोड़ रुपये अधिक रहा था।

मंगलवार को सरकार की तरफ से जारी आंकड़ों से पता चलता है कि सकल प्रत्यक्ष कर संग्रह भी 16.11 फीसदी बढ़कर 7.73 लाख करोड़ रुपये पहुंच गया जबकि बीते वित्तीय की समान अवधि में 6.66 लाख करोड़ रुपये था। सरकार ने इस दौरान 1.22 लाख करोड़ रुपये का रिफंड जारी किया, जो बीते वर्ष के 1.06 लाख करोड़ रुपये की तुलना में 14.57 फीसदी अधिक रहा है। कॉरपोरेट टैक्स का सकल संग्रह बढ़कर 3.35 लाख करोड़ रुपये हो गया, जो पिछले वर्ष 2.90 लाख करोड़ रुपये था। गैर-कॉरपोरेट टैक्स बढ़कर 4.11 लाख करोड़ रुपये रहा है, जो बीते वर्ष की समान अवधि में 3.58 लाख करोड़ रुपये था। सिक्योरिटीज ट्रांजैक्शन टैक्स का संग्रह 26,428 करोड़ रुपये रहा, जो बीते वर्ष 13 जुलाई तक 17,875 करोड़ रुपये से अधिक है।




■ कॉरपोरेट मुनाफा बढ़ा, रोजगार और आय में भी सुधार हो रहा

## कर्मचारी के लिए गाड़ी खरीदने में मिल सकती है राहत

**नई दिल्ली, विशेष संवाददाता।** कर्मचारियों के लिए गाड़ी खरीदने और ग्रुप इंश्योरेंस कराने वाली कंपनियों को जल्द ही जीएसटी में बड़ी राहत मिल सकती है। सूत्रों के मुताबिक जीएसटी लॉ कमिटी ने ऐसे मामलों में इनपुट टैक्स क्रेडिट (आईटीसी) देने का प्रस्ताव तैयार किया है, जिस पर अंतिम फैसला जीएसटी काउंसिल की अगली बैठक में लिया जा सकता है।

प्रस्ताव के तहत यदि कोई कंपनी कर्मचारियों के आधिकारिक इस्तेमाल के लिए वाहन खरीदती है या कर्मचारियों के लिए ग्रुप हेल्थ इंश्योरेंस व ग्रुप टर्म इंश्योरेंस लेती है, तो कंपनी को आईटीसी का लाभ मिल सकता है।

मौजूदा नियमों में कंपनियों को कई तरह की पाबंदियों का सामना करना पड़ता है। प्रस्ताव लागू होने पर कंपनियों का कर बोझ कम होगा।

# सेवा उत्पादन में दमदार रफ्तार दर्ज

**रिपोर्ट**

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सरकार ने मंगलवार को पहला उप-क्षेत्रवार आधारित सेवा उत्पादन परीक्षण सूचकांक जारी किया। इससे पता चलता है कि अप्रैल, 2026 में संगठित सेवा क्षेत्र के 19 में से 14 उप-क्षेत्रों में दहाई अंक में वृद्धि हुई है। इन उप-क्षेत्रों में थोक व्यापार, खुदरा, आवास और भोजन, सड़क परिवहन, हवाई परिवहन, दूरसंचार और बैंक शामिल हैं। ये सेवा क्षेत्र का लगभग 60 प्रतिशत हिस्से का प्रतिनिधित्व करते हैं।

परीक्षण के तौर पर जारी सेवा उत्पादन सूचकांक (आईएसपी) का आधार वर्ष 2024-25 है। इसके अनुसार, रेलवे और हवाई परिवहन को छोड़कर, सभी श्रेणी में अप्रैल, 2026 में सालाना आधार पर सकारात्मक वृद्धि दर्ज की गई। मंत्रालय ने कहा, 'सेवा उत्पादन सूचकांक भारत की सांख्यिकी प्रणाली को मजबूत करने और सेवा क्षेत्र के माप को बेहतर बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।'

अप्रैल के महीने में हवाई परिवहन में 13.9% की गिरावट आई। वहीं रेलवे परिवहन में 0.4% की कमी दर्ज की गई। अप्रैल में मजबूत वृद्धि वाले शीर्ष उप-क्षेत्र... आवास और भोजन (37.2%), खुदरा व्यापार (30.8%), प्रशासनिक सेवाएं (28.7%) और रियल एस्टेट (27.7%) हैं।

**सरकार को मदद मिलेगी**

सेवा क्षेत्र की वास्तविक स्थिति का हर महीने ताजा आकलन मिलेगा। आर्थिक नीतियां और बजट संबंधी फैसले ज्यादा सटीक आंकड़ों के आधार पर लिए जा सकेंगे। किन क्षेत्रों में तेजी और किनमें सुस्ती है, इसका जल्दी पता चल जाएगा, जिससे समय रहते कदम उठाए जा सकेंगे।

**उद्योग क्षेत्र को फायदा**

सेवा क्षेत्रों के प्रदर्शन का मासिक डेटा मिलने से रणनीति बनाना आसान होगा। कंपनियां मांग के मुताबिक निवेश की योजना बना सकेंगी। बैंक, निवेशक और रिसर्च एजेंसियों को विश्वसनीय आंकड़े मिलने से निवेश संबंधी फैसले लेने में मदद मिलेगी।

**आम आदमी को इसका लाभ मिलेगा**

नई नौकरियों के अवसर बढ़ सकते हैं। होटल, रिटेल, परिवहन और अन्य सेवाओं में निवेश बढ़ने से सेवाओं की गुणवत्ता बेहतर हो सकती है। सरकार यदि किसी क्षेत्र में गिरावट देखती है तो समय पर राहत या प्रोत्साहन दे सकती है।

## बंधुआ मजदूरी से तैयार हुई वस्तुओं के आयात पर रोक

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सरकार ने बंधुआ मजदूरी के इस्तेमाल से निर्मित वस्तुओं के आयात पर प्रतिबंध लगाने के लिए विदेश व्यापार नीति 2023 में संशोधन किया है।

यह कदम अमेरिका द्वारा भारत समेत 60 देशों में बंधुआ मजदूरी से जुड़े मामलों की जांच के बीच उठाया गया है। विदेश व्यापार महानिदेशालय ने 13 जुलाई की राजपत्र अधिसूचना में एक नया प्रावधान जोड़ा है।

इसमें कहा गया, पूरी तरह या आंशिक रूप से बंधुआ मजदूरी के उपयोग से निर्मित वस्तुओं का आयात प्रतिबंधित है। यह प्रावधान आधिकारिक राजपत्र में प्रकाशन की तिथि से 30 दिन बाद प्रभाव में आएगा।

## एआई की मार से आईबीएम का शेयर 24 प्रतिशत टूटा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** अमेरिकी टेक कंपनी आईबीएस के शेयर मंगलवार को 24 प्रतिशत तक गिर गए। कंपनी ने दूसरी तिमाही के नतीजे उम्मीद से कमजोर रहने की जानकारी देते हुए कहा कि ग्राहकों ने अपना खर्च एआई से जुड़े हार्डवेयर पर बढ़ा दिया, जिससे उसके कारोबार पर असर पड़ा।

आईबीएस के सीईओ अरविंद कृष्णा ने निवेशकों को लिखे पत्र में स्वीकार किया कि कंपनी बाजार में तेजी से हो रहे बदलाव के अनुरूप खुद को समय पर नहीं ढाल सकी। उन्होंने कहा, हम उतनी तेजी से बदलाव नहीं कर पाए, जितनी जरूरत थी।

कंपनी के अनुसार, जून में समाप्त तिमाही में उसका राजस्व 17.2 अरब डॉलर रहा, जो पिछले साल की तुलना में केवल एक प्रतिशत अधिक है।

रेल विकास निगम लिमिटेड
Rail Vikas Nigam Limited
गुणवत्ता, गति एवं पारदर्शिता
(A Government of India Enterprise)
सीआईएनः L74999DL2003GOI118633

**शेयरधारकों को सूचना**

**बिना भुगतान वाले लाभांश /इक्विटी शेयरों का निवेशक शिक्षा और संरक्षण कोष (IEPF) अथॉरिटी को स्थानांतरण**

यह सूचना कंपनी अधिनियम 2013 ('अधिनियम') की धारा 124(6) के प्रावधानों और समय–समय पर संशोधित 'निवेशक शिक्षा और संरक्षण कोष अथॉरिटी (अकाउंटिंग, ऑडिट, स्थानांतरण और रिफंड) नियम, 2016, (''IEPF नियम'') के तहत जारी किया गया है। इन प्रावधानों के अनुसार, जिन इक्विटी शेयरों पर लगातार सात साल या उससे ज्यादा समय से लाभांश का भुगतान नहीं हुआ है या जिसका दावा नहीं किया गया है, उन्हें IEPF अथॉरिटी के डीमैट खाते में स्थानांतरण करना जरूरी है। IEPF नियम के मुताबिक, बिना भुगतान वाले या बिना दावे वाले लाभांश की जानकारी कंपनी की वेबसाइट पर उपलब्ध है।

संबंधित शेयरधारकों को उनके उपलब्ध नवीनतम पते पर व्यक्तिगत रूप से सूचना भेज दी गई है। उन्हें बताया गया है कि यदि वित्त वर्ष 2018–19 के लिए भुगतान न किए गए/दावा न किए गए अंतिम लाभांश (dividend) का दावा निर्धारित समय–सीमा के भीतर नहीं किया जाता है, तो उनके इक्विटी शेयर IEPF अथॉरिटी को हस्तांतरित किए जा सकते हैं। ऐसे शेयरधारकों की सूची कंपनी की वेबसाइट https://rvnl.org/investor-information पर भी उपलब्ध है।

शेयरधारको से अनुरोध है कि वे 05.10.2026 को या उससे पहले अपने क्लेम जमा करें। यदि उस तारीख तक कोई वैध क्लेम प्राप्त नहीं होता है, तो कंपनी संबंधित इक्विटी शेयरों (चाहे वे भौतिक रूप में हों या अभौतिक रूप में) को तय तारीख से 30 दिनों के भीतर, लागू कानूनी प्रावधानों के अनुसार, बिना किसी अतिरिक्त सूचना के IEPF अथॉरिटी के डीमैट खाते में स्थानांतरण कर देगी ।

शेयरधारको ध्यान दें कि ऐसे स्थानांतरण के बाद, IEPF अथॉरिटी को स्थानांतरण किए गए लाभांश या शेयरों के संबंध में कंपनी के खिलाफ कोई दावा नहीं किया जा सकेगा। ऐसे शेयरों से भविष्य में मिलने वाले किसी भी लाभ (लाभांश सहित) का हकदार भी IEPF अथॉरिटी ही होगी। हालांकि, शेयरधारक IEPF नियमों के तहत बताई गई प्रक्रिया का पालन करके IEPF अथॉरिटी से स्थानांतरण किए गए शेयरों और लाभांश का दावा कर सकते हैं। रिफंड का दावा करने के लिए विस्तृत निर्देश https://rvnl.org/investor-information पर उपलब्ध हैं।

ऊपर बताए गए मामले के बारे में किसी भी स्पष्टीकरण या सहायता के लिए, शेयरधारक इनसे संपर्क कर सकते हैं:

| कंपनी संपर्क विवरण | आरटीए संपर्क विवरण |
|---|---|
| कंपनी सचिव /IEPF के लिए नोडल अधिकारी<br>रेल विकास निगम लिमिटेड,<br>पताः वर्ल्ड ट्रेड सेंटर, टॉवर–ए, छठी से नौवीं मंजिल, नौरोजी नगर, नई दिल्ली – 110029<br>फोनः +91–11–26738299,<br>ईमेलः investors@rvnl.org,<br>वेबः www.rvnl.org | श्री वीरेंद्र शर्मा<br>अलंकित असाइनमेंट्स लिमिटेड<br>पताः अलंकित हाउस, 4ई/2 झंडेवालान एक्सटेंशन, नई दिल्ली –110055<br>फोनः +91-11-42541234,42541954<br>ई–मेलः rta@alankit.com,<br>वेबः www.alankit.com |

रेल विकास निगम लिमिटेड की ओर से
हस्ता./–
स्थानः नई दिल्ली
कल्पना दूबे
दिनांकः 14.07.2026
कंपनी सचिव एवं अनुपालन अधिकारी

**सदस्यों से निवेदन ➔** हम सदस्यों से अनुरोध करते हैं कि वे अपनी ईमेल आईडी, बैंक मैंडेट और मोबाइल नंबर कंपनी के शेयर अंतरण अभिकर्ता या संबंधित DP के रजिस्ट्रार के पास रजिस्टर करें, ताकि वे कंपनी से वार्षिक रिपोर्ट/लाभांश से जुड़ी बातचीत (अगर कोई हो) और दूसरी बातें ऑनलाइन तरीके से पा सकें।

**एचटी मीडिया लिमिटेड**
**CIN:** L22121DL2002PLC117874
**पंजीकृत कार्यालयः** हिन्दुस्तान टाइम्स हाउस, 18-20, कस्तूरबा गांधी मार्ग, नई दिल्ली-110001
**फोनः** +91-11-66561355
**ई-मेलः** corporatedept@hindustantimes.com, **वेबसाइटः** www.htmedia.in
**निगमित कार्यालयः** 5वाँ तल, लोटस टॉवर, ए-ब्लॉक, कम्युनिटी सेंटर, न्यू फ्रेंड्स कालोनी, नई दिल्ली-110025

**एचटी मीडिया लिमिटेड की असाधारण आम बैठक की नोटिस**

एतदद्वारा नोटिस दिया जाता है कि कंपनी की असाधारण आम बैठक (ईजीएम) **शुक्रवार, 7 अगस्त, 2026 को सुबह 11:00 बजे (भा.मा.स.)** से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग/अन्य ऑडियो विजुअल माध्यमों **('वीसी/ओएवीएम')** के जरिए ईजीएम के नोटिस में निर्धारित कामकाज के संचालन हेतु आयोजित की जाएगी।

यह ईजीएम कंपनी अधिनियम, 2013 के लागू प्रावधानों और भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सूचीबद्धता दायित्व और प्रकटीकरण आवश्यकताएं) विनियम, 2015 ("सेबी सूचीबद्धता विनियम") के लागू प्रावधानों और सामान्य परिपत्र संख्या (ओं)14/2020 दिनांक 8 अप्रैल, 2020, 17/2020 दिनांक 13 अप्रैल, 2020, 20/2020 दिनांक 5 मई, 2020, 02/2022 दिनांक 5 मई, 2022 और इस संबंध में जारी किए गए बाद के परिपत्र, नवीनतम सामान्य परिपत्र संख्या 03/2025 दिनांक 22 सितंबर, 2025 (सामूहिक रूप से 'एमसीए परिपत्र' के रूप में संदर्भित) के प्रावधानों के अनुपालन में एक कॉमन स्थल पर सदस्यों की भौतिक उपस्थिति के बिना आयोजित की जा रही है।

कंपनी के सदस्यों को एतदद्वारा सूचित किया जाता है कि ईजीएम बुलाने का नोटिस, ई-वोटिंग (रिमोट ई-वोटिंग और ईजीएम में ई-वोटिंग) के लिए प्रक्रिया और निर्देशों को 14 जुलाई, 2026 को उन सदस्यों को भेजा गया है, जिनके ई-मेल पते 10 जुलाई, 2026 तक **कंपनी/डिपॉजिटरी पार्टिसिपेंट्स ('डीपी')/रजिस्ट्रार और ट्रांसफर एजेंट ('आरटीए')** के साथ पंजीकृत हैं।

सदस्यगण कंपनी की वेबसाइट **https://www.htmedia.in/**; स्टॉक एक्सचेंजों जहां कंपनी के शेयर सूचीबद्ध हैं, अर्थात् बीएसई लिमिटेड की बेवसाइट **www.bseindia.com**; नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड की वेबसाइट, अर्थात् **www.nseindia.com** और नेशनल सिक्योरिटीज डिपॉजिटरी लिमिटेड (एनएसडीएल)(रिमोट ई-वोटिंग सुविधा प्रदान करने वाली एजेंसी) की बेवसाइट, अर्थात् **www.evoting.nsdl.com** से ईजीएम नोटिस डाउनलोड कर सकते हैं। ईजीएम का स्थान कंपनी का पंजीकृत कार्यालय माना जाएगा।

ईजीएम में भाग लेने के लिए विस्तृत प्रक्रिया, ई-वोटिंग (रिमोट ई-वोटिंग और ईजीएम में ई-वोटिंग) आदि ईजीएम नोटिस में निम्नलिखित क्रम में उल्लेख किया गया है:

1. कंपनी अपने सदस्यों को रिमोट ई-वोटिंग और ईजीएम में ई-वोटिंग के माध्यम से ईजीएम की सूचना में निर्धारित कार्यक्रम में वोटिंग करने के अपने अधिकार का प्रयोग करने की सुविधा प्रदान कर रही है। सदस्यों के लिए ई-वोटिंग और ईजीएम में भाग लेने की प्रक्रिया ईजीएम नोटिस में प्रदान की गई है।
2. रिमोट ई-वोटिंग सुविधा निम्नलिखित अवधि के दौरान उपलब्ध होगी:

| | |
|---|---|
| **रिमोट ई-वोटिंग की शुरुआत** | **4 अगस्त, 2026 (मंगलवार) को सुबह 9.00 बजे (सर्वर समय) से** |
| **रिमोट ई-वोटिंग की समाप्ति** | **6 अगस्त, 2026 (गुरुवार) को सायं 5.00 बजे (सर्वर समय) तक** |

उक्त तिथि और समय के बाद रिमोट ई-वोटिंग सुविधा को एनएसडीएल द्वारा तुरंत अक्षम कर दिया जाएगा और सदस्यों को रिमोट ई-वोटिंग के माध्यम से वोटिंग करने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

3. कंपनी के सदस्य जिनके नाम कट-ऑफ तिथि अर्थात् **शुक्रवार, 31 जुलाई, 2026** को कंपनी के सदस्यों के रजिस्टर में या डिपॉजिटरी द्वारा बनाए गए लाभकारी स्वामियों के रजिस्टर में दर्ज है केवल वे ही ई-वोटिंग और ईजीएम में भाग लेने के हकदार हैं। एक बार जब सदस्य द्वारा किसी प्रस्ताव पर मतदान किया जाता है, तो उन्हें बाद में इसे बदलने की अनुमति नहीं दी जाएगी। सदस्यों के मतदान अधिकार कट-ऑफ तिथि पर कंपनी की चुकता शेयर पूंजी में उनकी हिस्सेदारी के अनुपात में होंगे।
4. जिन सदस्यों ने रिमोट ई-वोटिंग के माध्यम से अपने वोटिंग अधिकार का प्रयोग किया है, वे ईजीएम में भाग ले सकते हैं, लेकिन उन्हें वहां फिर से अपना वोट डालने की अनुमति नहीं दी जाएगी।
5. यदि कोई व्यक्ति नोटिस के प्रेषण के बाद लेकिन कट-ऑफ तिथि, अर्थात् **शुक्रवार, 31 जुलाई, 2026** या उससे पहले कंपनी का सदस्य बन गया है या नोटिस के प्रेषण के बाद ई-मेल पता पंजीकृत किया है, ऐसे सदस्य ईजीएम की सूचना में उल्लिखित तरीके से यूजर आईडी और पासवर्ड प्राप्त कर सकते हैं।
6. **ई-मेल पते सहित केवाईसी विवरणों को पंजीकृत/अद्यतन करने का तरीका:**
   - भौतिक रूप में शेयर रखने वाले सदस्य और जिन्होंने कंपनी या आरटीए के साथ ई-मेल आईडी सहित अपने केवाईसी विवरण को पंजीकृत/अद्यतन नहीं किया है, वे उक्त लिंक **https://ris.kfintech.com/clientservices/isc/isrforms** से आवश्यक फॉर्म डाउनलोड करके इस तरह के विवरण को पंजीकृत/अद्यतन कर सकते हैं और फॉर्म में अपेक्षित अनुसार अपने विवरण देकर एवं ऐसे दस्तावेजों को संलग्न कर उसे निम्न पते पर भेज सकते हैं: केफिन टेक्नोलॉजीज लिमिटेड, यूनिट: एचटी मीडिया लिमिटेड, रामके सेलेनियम बिल्डिंग, टॉवर बी, प्लॉट नं. 31 और 32, फाइनेंसियल डिस्ट्रिक्ट, नानकरामगुडा, सेरिलिंगमपल्ली, हैदराबाद, रंगारेड्डी, तेलंगाना, भारत-500032
   - डिमटेरियलाइज्ड मोड (अभौतिक रूप) में शेयर रखने वाले सदस्य, जिन्होंने अपने ई-मेल पते को पंजीकृत/अद्यतन नहीं किया है, वे जहां उनके डीमैट एकाउंट हैं उन डिपॉजिटरी पार्टिसिपेंट्स के यहां अपने ई-मेल पते को पंजीकृत/अद्यतन कर सकते हैं।
7. वोटिंग का परिणाम अध्यक्ष या उनके द्वारा अधिकृत किसी अन्य व्यक्ति द्वारा **9 अगस्त, 2026** को या उससे पहले घोषित किया जाएगा। जांचकर्ता की रिपोर्ट के साथ वोटिंग का परिणाम कंपनी की वेबसाइट **https://www.htmedia.in/** और एनएसडीएल की वेबसाइट **www.evoting.nsdl.com** पर प्रदर्शित किया जाएगा। परिणाम की सूचना स्टॉक एक्सचेंजों, अर्थात् बीएसई लिमिटेड, नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड और एनएसडीएल को भी दी जाएगी। परिणाम को कंपनी अपने पंजीकृत कार्यालय में भी प्रदर्शित करेगी।
8. ई-वोटिंग सुविधा के संबंध में किसी भी पूछताछ हेतु, कृपया **www.evoting.nsdl.com** पर डाउनलोड अनुभाग पर उपलब्ध शेयरधारकों के लिए अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्न (एफएक्यू) और ई-वोटिंग यूजर मैनुअल देखें या सुश्री पल्लवी म्हात्रे, उपाध्यक्ष (एनएसडीएल) को **evoting@nsdl.com** पर अनुरोध भेजें या एनएसडीएल, 301, तीसरी मंजिल, नमन चैंबर्स, जी ब्लॉक, प्लॉट नंबर-सी-32, बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स, बांद्रा ईस्ट, मुंबई-400051 पर लिख सकते हैं।

कृते **एचटी मीडिया लिमिटेड**
**हस्ता./-**
**दिनांकः** 14 जुलाई, 2026
**मनहर कपूर**
**स्थानः** नई दिल्ली
**(ग्रुप जनरल काउंसल एवं कम्पनी सेक्रेटरी)**

DIGICONTENT LIMITED
**CIN:** L74999DL2017PLC322147
**पंजीकृत कार्यालयः** हिन्दुस्तान टाइम्स हाउस (द्वितीय तल),18-20, कस्तूरबा गांधी मार्ग, नई दिल्ली-110001
**फोनः** +91-11-6656 1355,
**ई-मेलः** investor@digicontent.co.in, **वेबसाइटः** www.digicontent.co.in
**निगमित कार्यालयः** 5वाँ तल, लोटस टॉवर, ए-ब्लॉक, कम्युनिटी सेंटर न्यू फ्रेंड्स कालोनी, नई दिल्ली-110025
**फोनः** +91-11-6656 1234; **वेबसाइटः** www.digicontent.co.in

**डिजिकॉन्टेंट लिमिटेड की असाधारण आम बैठक की नोटिस**

एतद्द्वारा नोटिस दी जाती है कि कंपनी की असाधारण आम बैठक (ईजीएम) का आयोजन विडियो कॉन्फ्रेंसिंग/अन्य ऑडियो विजुअल माध्यमों **('वीसी/ओएवीएम')** के माध्यम से **शुक्रवार, 7 अगस्त, 2026 को दोपहर 12:00 बजे (भा.मा.स.)** को किया जायेगा।

यह असाधारण आम बैठक (ईजीएम) कंपनी अधिनियम, 2013 और उसके अधीन बनाये गये नियमों ('अधिनियम') के लागू प्रावधानों, भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सूचीकरण दायित्व और प्रकटीकरण आवश्यकताएं) विनियम, 2015 ('एसईबीआई सूचीकरण विनियम') के लागू प्रावधानों और सामान्य परिपत्र संख्या 14/2020 दिनांक 8 अप्रैल 2020, 17/2020 दिनांक 13 अप्रैल 2020, 20/2020 दिनांक 5 मई 2020, 02/2022 दिनांक दिनांक 5 मई 2022 और इस संबंध में बाद में जारी किये गये परिपत्रों, जिनमें नवीनतम सामान्य परिपत्र संख्या 03/2025 दिनांक 22 सितम्बर 2025 है (सामूहिक रूप से 'एमसीए परिपत्र' के रूप में संदर्भित), के प्रावधानों के अनुपालन में, सदस्यों की भौतिक उपस्थिति के बिना एक सामान्य स्थान पर आयोजित की जा रही है।

कम्पनी के सदस्यों को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि असाधारण आम बैठक (ईजीएम) के आयोजन की नोटिस, ई-वोटिंग (रिमोट ई-वोटिंग तथा ईजीएम में ई-वोटिंग) की प्रक्रिया तथा अनुदेशों को उन सदस्यों को भेज दिया गया है, जिनकी ईमेल आईडी कम्पनी/डिपॉज़िटरी पार्टिसिपेंट्स **('डीपी')/रजिस्ट्रार एंड ट्रांसफर एजेंट ('आरटीए')** के पास दिनांक 10 जुलाई 2026 के अनुसार पंजीकृत हैं।

सदस्य कम्पनी की वेबसाइट यानी **https://www.digicontent.co.in**; स्टॉक एक्सचेंजों जहाँ कम्पनी के शेयर सूचीबद्ध हैं यानी बी.एस.ई. लिमिटेड **www.bseindia.com**; नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड यानी **www.nseindia.com** तथा नेशनल सिक्युरिटीज़ डिपाजिटरी लिमिटेड **('एनएसडीएल')** (रिमोट ई-वोटिंग सुविधा उपलब्ध कराने के लिए एजेंसी) यानी **www.evoting.nsdl.com** की वेबसाइटों से असाधारण आम बैठक (ईजीएम) के नोटिस डाउनलोड कर सकते हैं। असाधारण आम बैठक (ईजीएम) का स्थान कम्पनी का पंजीकृत कार्यालय माना जाएगा।

असाधारण आम बैठक (ईजीएम) में उपस्थित होने, ई-वोटिंग (रिमोट ई-वोटिंग तथा ईजीएम में ई-वोटिंग) आदि की विस्तृत प्रक्रिया, ईजीएम के नोटिस में निर्दिष्ट हैं, जोकि इस प्रकार हैं:-

1. कम्पनी अपने सदस्यों को ई.जी.एम. के नोटिस में निर्धारित व्यवसायों पर वोट देने के अपने अधिकारों का प्रयोग करने के लिए रिमोट ई-वोटिंग तथा ई.जी.एम. में ई-वोटिंग के माध्यमों द्वारा वोट करने की सुविधा प्रदान कर रही है। ई-वोटिंग और सदस्यों के लिए ई.जी.एम. में भाग लेने हेतु प्रक्रिया को, ई.जी.एम. के नोटिस में दिया गया है।
2. रिमोट ई-वोटिंग की सुविधा निम्नलिखित अवधि के दौरान उपलब्ध होगी:

| | |
|---|---|
| **रिमोट ई-वोटिंग की शुरुआत** | **4 अगस्त, 2026 (मंगलवार) को प्रातः 9:00 बजे (सर्वर समय) से** |
| **रिमोट ई-वोटिंग की समाप्ति** | **6 अगस्त, 2026 (गुरुवार) को सायं 5:00 बजे (सर्वर समय) तक** |

रिमोट ई-वोटिंग की सुविधा तुरन्त एनएसडीएल द्वारा असमर्थ कर दी जाएगी और सदस्यों को कथित तिथि व समय के बाद, रिमोट ई-वोटिंग के माध्यम से वोट करने की अनुमति नहीं होगी।

3. कम्पनी के केवल वे सदस्य ई.जी.एम. में उपस्थित होने तथा ई-वोटिंग करने के हकदार हैं, जिनके नाम कट-ऑफ तिथि यानी केवल **शुक्रवार, 31 जुलाई, 2026** को कम्पनी के सदस्यों की पंजिका में या डिपाजिटरीज़ द्वारा बनाए गए बेनिफिशल ओनर्स की पंजिका में दर्ज हैं। जब कोई सदस्य एकबार किसी प्रस्ताव पर वोट दे देता है, तो बाद में उसे बदलने की अनुमति नहीं होगी। सदस्यों का वोटिंग अधिकार, कट-ऑफ तिथि को कम्पनी की प्रदत्त शेयर पूंजी में उनकी हिस्सेदारी के अनुपात में होगा।
4. वे सदस्य जो रिमोट ई-वोटिंग के माध्यम से अपने वोट अधिकार का प्रयोग कर चुके हैं, वे ई.जी.एम. में शामिल हो सकते हैं, लेकिन उन्हें वहां पुनः अपना वोट देने की अनुमति नहीं होगी।
5. यदि कोई व्यक्ति नोटिस के प्रेषण के बाद लेकिन कट-ऑफ तिथि **शुक्रवार, 31 जुलाई, 2026** को या उससे पहले कम्पनी का सदस्य बनता है, अथवा नोटिस के प्रेषण के बाद ई-मेल पता को पंजीकृत कराता है, तो ऐसे सदस्य ई.जी.एम. के नोटिस में वर्णित किए गए तरीके द्वारा यूजर आईडी और पासवर्ड प्राप्त कर सकते हैं।
6. **ईमेल पता सहित के.वाई.सी. विवरणों को पंजीकृत करने/नवीकृत करने का तरीका:**
   - जिन सदस्यों ने भौतिक रूप में शेयर रखे हुए हैं और कम्पनी या आर.टी.ए. के पास अपना ई-मेल पता सहित के.वाई.सी. विवरणों को पंजीकृत/नवीकृत नहीं किया है, कथित लिंक **https://ris.kfintech.com/clientservices/isc/isrforms.aspx** से संबंधित प्रपत्रों को डाउनलोड करके ऐसे विवरण पंजीकृत/नवीकृत कर सकते हैं और अनुरोध पत्र जिसमें विधिवत विवरण भरा हो और प्रपत्रों में अपेक्षित अनुसार आवश्यक दस्तावेज संलग्न हों, उसे भौतिक रूप से केफिन टेक्नोलॉजीज़ लिमिटेड, यूनिटः **डिजिकॉन्टेंट लिमिटेड**, रामकी सेलेनियम बिल्डिंग, टॉवर बी, प्लॉट नं. 31 व 32, फाइनेंशियल डिस्ट्रिक्ट, नानाक्रमगुडा सेरिलिंगमपल्ली, हैदराबाद, रंगारेड्डी, तेलंगाना, भारत-500032 को भेज सकते हैं।
   - जिन सदस्यों ने डिमैटिरियलाइज्ड रूप में शेयर रखे हुए हैं और अपना ई-मेल पता पंजीकृत/नवीकृत नहीं किया है, उस डिपॉजिटरी पार्टिसिपैंट्स के पास अपने ईमेल पते पंजीकृत/नवीकृत कर सकते हैं, जहाँ वे अपने डिमैट खाते रखते हैं।
7. अध्यक्ष या उनके द्वारा प्राधिकृत किसी अन्य व्यक्ति द्वारा, **9 अगस्त, 2026** को या उससे पहले परिणाम की घोषणा की जाएगी। संवीक्षक की रिपोर्ट के साथ परिणाम, कम्पनी की वेबसाइट यानी **https://www.digicontent.co.in/** और एनएसडीएल की वेबसाइट यानी **www.evoting.nsdl.com** पर प्रकाशित किए जाएंगे। परिणाम स्टाक एक्सचेंजों यथा बीएसई लिमिटेड, नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड तथा एनएसडीएल को भी सूचित किए जाएंगे। कम्पनी अपने पंजीकृत कार्यालय में भी परिणाम प्रदर्शित करेगी।
8. ई-वोटिंग सुविधा के संबंध में किसी पूछताछ के मामले में, कृपया Frequently Asked Questions (FAQs) देखें और शेयरधारकों के लिए ई-वोटिंग यूजर मैनुअल **www.evoting.nsdl.com** के डाउनलोड सेक्शन में उपलब्ध है अथवा सुश्री पल्लवी म्हात्रे, डिप्टी वाइस प्रेसिडेंट (एनएसडीएल) को **evoting@nsdl.com** पर अनुरोध भेजें अथवा एनएसडीएल, 301, तीसरा तल, नमन चैम्बर्स, जी-ब्लॉक, प्लॉट सी-32, बान्द्रा कुर्ला कॉम्पलेक्स, बान्द्रा ईस्ट, मुंबई-400051 को लिख सकते हैं।

कृते **डिजिकॉन्टेंट लिमिटेड**
**हस्ता./-**
**दिनांकः** 14 जुलाई, 2026
**शुभम जैन**
**स्थानः** नई दिल्ली
**(कम्पनी सेक्रेटरी)**